प्रादेशिक समाचार

17.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाया है कि झारखंड में अवैध बालू के कारोबार को संरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना और हर घर नल योजना को विफल करने की भी साजिश रची जा रही है। श्री चौहान आज रांची के हटिया में प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित सम्मान सह संकल्प समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने बूथ अध्यक्ष और प्रभारी को सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य को झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद गठबंधन की भ्रष्ट सरकार से बचाना है।

****

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन देश में औषधि, चिकित्सा उपकरणों और सौंदर्य प्रसाधनों की गुणवत्ता और सुरक्षा को नियंत्रित करता है। श्री नड्डा ने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की भी समीक्षा की थी।

****

ओडिशा के राज्यपाल और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास आज सुबह भुवनेश्वर से रांची पहुंचे, जहां हटिया रेलवे स्टेशन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। श्री दास आज शाम रांची से देवघर के लिए रवाना होंगे।

****

पश्चिमी सिंहभूम स्थित सारंडा के घने जंगलों में आज सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है, जिसके बाद भारी मात्रा में गोला और बारूद बरामद किये गए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षाबलों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

****

पाकुड़ जिले में कार्यरत एक निजी कोल कंपनी के मानव संसाधन विभाग के अधिकारी को हथियार का भय दिखाकर लेवी मांगने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक लाख से अधिक रुपये और एक वाहन बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अमड़ापाड़ा थाने में हत्या का मामला पहले से दर्ज है।

****

स्वीडिश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के प्री–क्वार्टर फाइनल में कल भारत के सुमित नागल का मुकाबला अर्जेंटीना के मरियानो नवोने से होगा। इससे पहले सुमित ने स्वीशडन के एलियास यमेर को 6–4, 6–3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई।

****

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने गोड्डा जिले के कई कॉलेजों, संस्थाओं और ग्रामीण इलाकों का दौरा किया।

****

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र स्थित अचल जमाओ, खरना और चानो गांव के चार मजदूर साउथ अफ्रीका के कैमरून में फंस गए हैं। उनके परिवार वालों ने सरकार से सभी की जल्द सकुशल रिहाई की मांग की है। परिजनों ने बताया कि एक ठेकेदार ने सभी मजदूरों को निजी कंपनी में काम दिलाने का भरोसा दिया था, जिसके बाद सभी विदेश गए थे।

****

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ बीआर षाडंगी और न्यायाधीश एसएन प्रसाद की खंडपीठ में रांची में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर कल सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार से कहा कि नियमों की अनदेखी कर तेज ध्वनि में बजाने वाले डीजे पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। इस मामले में अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज घुरती रथ यात्रा और मुहर्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। रांची के जगन्नाथपुर में अब से थोड़ी देर बाद घुरती रथयात्रा निकाली जाएगी। पूरे जगन्नाथपुर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटी है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र रथ पर सवार होकर अपने धाम लौटेंगे।

****

इधर मुहर्रम को लेकर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर में जुलूस निकाला जा रहा है। पूरे राज्य में इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। राजधानी में दो सौ से ज्यादा जगहों पर स्टैटिक फोर्स को तैनात किया गया है। यातायात एसपी ने आज सुबह 10 बजे से निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन जुलूस की समाप्ति तक बंद रखने का आदेश दिया है।

******समाप्त***********